Bharat Temples

श्री राधा नाम सर्व सुख सार,

दोहा मधुर प्रिय श्री राधा नाम,
राधा नाम कान पढ़ते ही,
खिल उठती है कली तमाम,
प्रेम मूल्य निश्चित है मेरा,
और प्रेम प्रफुल्लित है राधा नाम,
चाहे कोई खरीद ले हमको,
एक सुना सुना कर राधा नाम।

श्री राधा नाम सर्व सुख सार,
राधा नाम सुन दौड़े आते,
नटवर नंद कुमार,
श्रीं राधा नाम सर्व सुख सार।।

तर्ज कन्हैया ले चल परली पार।

रा और धा का मेल है राधा,
कृष्ण लीला का खेल है राधा,
सर्वाधार रस रूप रसेष्वरी,
कृष्ण प्रेम अवतार,
श्रीं राधा नाम सर्व सुख सार।।

राधा नाम की महिमा भारी,

राधा नाम का जगत पुजारी,
राधा नाम की अद्भुत मस्ती,
देत आनंद अपार,
श्रीं राधा नाम सर्व सुख सार।।

नाम जपत श्री राधा राधा,
मीटे मधुप सब भव में बाधा,
मीटे पाप त्रिताप जगत के,
खुले मोक्ष के द्वार,
श्रीं राधा नाम सर्व सुख सार।।

श्रीं राधा नाम सर्व सुख सार,
राधा नाम सुन दौड़े आते,
नटवर नंद कुमार,
श्रीं राधा नाम सर्व सुख सार।।

गायक बाबा श्री चित्र विचित्र जी महाराज।

Source: https://www.bharattemples.com/shri-radha-naam-sarv-sukh-saar-bhajan/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App

https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw